| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|
| Unit-1-A | 10 | 3.25 |
| Unit-1-B | 25 | 4.25 |
| Unit-1-C | 40 | 10 |
| Unit-2-A | 10 | 2.75 |
| Unit-2-B | 25 | 10.5 |
| Unit-2-C | 30 | 9.5 |
| Unit-3-A | 20 | 4.75 |
| Unit-3-B | 20 | 7.5 |
| Unit-3-C | 20 | 7.25 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 59.75 |
| Total Obt. Marks in Words | | Fifty Nine+ ¾ |

PART - I

Paper Code

**P-3**

74961

Medium of Exam

HINDI

Hindi ●

English ○

tion of the candidate shall be
date will be liable-
lame, Address, Roll Number,

uestions.
ादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि
प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द
परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में

umber of pages) then bring it
for that.
ा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका

Point Pen before answering.
er Sheet (OMR sheet).
कि भरें। कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

ails have to be filled by the

रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

s are indicated in each unit

एवं भाग में अंकित हैं।
ersions of the question, the

मान्य होगा।
and script, unless directed

जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के

ld not write answer outside

उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाइन के

vers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
नहीं लिखना चाहिए। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।
out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
य दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा।
y other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
ी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।
f any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her
to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair**
applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from

या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और
**रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022** तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की
ाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

didate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or
e examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का
पूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

# CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY
## अभ्यर्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

**Please note that the following act is strictly prohibited and will be treated as unfair means. The entire examination of the candidate shall be cancelled. Also, he/she may be debarred by the Commission from all the future examinations for which the candidate will be liable-**

- **Writing any mark of identity inside the Question-Answer Booklet (including space for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile number etc. However in case of letter writing words like XYZ, ABC etc. can be used.**
- **Writing name of God, religious sign, irrelevant sentence, words and numbers other than the answers of the questions.**

प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें (XYZ, ABC, अ ब स आदि लिखा जा सकता है) । कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक आदि भी न लिखें । ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली समस्त परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा ।

## IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्त्वपूर्ण निर्देश)

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in sealed polythene to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद पॉलिथीन में प्रदान की गई है ।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of invigilator at once and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी-फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो तुरन्त अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet (OMR sheet) of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet (OMR sheet).
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर सभी वांछित विवरण **नीले बॉल पॉइंट पेन** से सावधानीपूर्वक भरें । कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं ।

(D) This Cover Sheet (OMR sheet) consists of Two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet (OMR sheet) is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है । ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) कहीं से कटे-फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो ।

(E) The question paper is divided into different units/parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and part.
प्रश्न-पत्र विभिन्न यूनिट/भागों में विभाजित है । प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित हैं ।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English versions of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से **अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।**

(G) Attempt answers either in **Hindi or English,** not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर हिन्दी या अंग्रेजी भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं । भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो ।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of Question-Answer Booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें । बॉर्डर लाइन से बाहर उत्तर नहीं लिखें । बॉर्डर लाइन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा ।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए । इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं ।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा ।

(K) Mobile Phone, watch, smart watch or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
मोबाइल फोन, घड़ी, स्मार्ट वॉच या अन्य किसी भी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022,** other laws applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जायेगी । साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

**Special Note :**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

**विशेष नोट :**
अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना अंकित की जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा ।

**SPACE FOR ROUGH WORK**

78

169

163

164

161

2×2×2×2×2

# PAPER-III : GENERAL STUDIES & GENERAL KNOWLEDGE

**Total Marks : 200**

**Total Questions : 48**

**Unit – I** **(75 Marks)**

**Part – A** **Marks : 10**

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. In the context of federal system, what are the provisions regarding Residuary matters in the Constitution of India ?
भारत के संविधान में संघीय व्यवस्था के संदर्भ में अवशिष्ट विषयों के लिए क्या प्रावधान हैं ?

भारतीय संविधान में संघीय व्यवस्था के तहत, अनुच्छेद 248 के तहत अवशिष्ट विषय केन्द्र सरकार के अधिकार में आते हैं।

1(One)
(Q.U1-A-1)

2. Regarding the Bharatiya Adivasi Party's performance in the Rajasthan Vidhan Sabha elections held in 2023, answer the following questions :
(a) Total seats contested by BAP
(b) Total seats won by BAP
(c) Percentage of valid votes secured by BAP
(d) Percentage of valid votes secured by BAP in seats contested by it
2023 में आयोजित राजस्थान विधान सभा चुनाव में, भारतीय आदिवासी पार्टी (BAP) के प्रदर्शन से संबंधित निम्नांकित प्रश्नों का उत्तर दीजिए :
(a) बी.ए.पी. द्वारा लड़ी गई कुल सीटें
(b) बी.ए.पी. द्वारा जीती गई कुल सीटें
(c) बी.ए.पी. द्वारा वैध मतों का प्राप्त प्रतिशत
(d) बी.ए.पी. द्वारा लड़ी गई सीटों पर वैध मतों का प्राप्त प्रतिशत

(a) भारतीय आदिवासी पार्टी BAP द्वारा
(b) BAP द्वारा कुल 3 सीटें राजस्थान विधानसभा चुनाव में जीती थी
(c) BAP को वैध मतों का प्रतिशत –
(d)

0 (Zero) (Q.U1-A-2-a)
0.5(Zero½) (Q.U1-A-2-b)
0 (Zero) (Q.U1-A-2-c)
0 (Zero) (Q.U1-A-2-d)

3. What is 'Global Stocktake (GST)' ?

'ग्लोबल स्टॉकटेक (जीएसटी)' क्या है ?

ग्लोबल स्टॉकटेक पेरिस जलवायु सम्मेलन COP-21 द्वारा स्थापित आवधिक समीक्षा तंत्र है हाल ही में COP-28 में इसको स्वीकृति मिली है यह राष्ट्रों द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय लक्ष्य की समीक्षा करता है जो जलवायु परिवर्तन रोकने हेतु सहायक है।

1(One)
(Q.U1-A-3)

4. Why the following persons were recently in the news ?

(i) Idashisha Nongrang

(ii) Alok Shukla

निम्नलिखित व्यक्ति हाल ही में समाचारों में क्यों थे ?

(i) इदाशिशा नोंगरांग

(ii) आलोक शुक्ला

0 (Zero)
(Q.U1-A-4-i)

0 (Zero)
(Q.U1-A-4-ii)

(ii) आलोक शुक्ला हाल ही में केन्द्रीय सूचना आयोग के सदस्य बनाए गये थे।

5. Who are the Shompen tribe ? Why this tribe was recently in news ?

शोम्पेन जनजाति कौन हैं ? यह जनजाति हाल ही में समाचारों में क्यों थीं ?

शोम्पेन जनजाति अंडमान निकोबार द्वीप में पायी जाने वाली जनजाति है, इसे भारत सरकार द्वारा PVTG का दर्जा दिया हुआ है।

इसके समाचारों में रहने का कारण इसकी घटती जनसंख्या है।

0.75(Zero¾)
(Q.U1-A-5)

**Unit – I/Part – B** **Marks : 25**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं ।

6. Explain the principle of 'Reasonable Classification' implied in Article 14 of the Constitution of India.

भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित 'युक्तियुक्त वर्गीकरण' के सिद्धांत की व्याख्या कीजिए ।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 समानता के सिद्धान्त के तहत समानता का अधिकार प्रदान करता है, परन्तु इसमें विधि के समक्ष समता को विधियों के समान संरक्षण के तहत युक्तियुक्त वर्गीकरण में लिया गया है, जिसमें विधि के समक्ष समता के निम्न अपवाद हैं - (1) अनुच्छेद 361 के तहत राष्ट्रपति एवम् राज्यपाल को विशेषाधिकार (2) अनुच्छेद 105 एवम् 194 के तहत संसद एवम् विधानसभा सदस्यों को विशेषाधिकार प्राप्त है। (3) अनुच्छेद 39(ग) के तहत सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए इससे विचलन संभव (4) बाहरी राष्ट्रों के राजदूतों आदि को विशेषाधिकार

0.25(Zero¼)
(Q.U1-B-6)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

7. In the context of people's movements, discuss the 'Non-Party Political Process' in India.

जन-आंदोलनों के संदर्भ में, भारत में 'गैर-दलीय राजनीतिक प्रक्रिया' का विवेचन कीजिए।

भारत में जन आन्दोलनों के सम्बन्ध में गैरदलीय प्रक्रिया भी व्यापक रूप से दिखती है उदाहरण - ① एनजीओ से सम्बन्धित आन्दोलनों यथा नर्मदा बचाओ आन्दोलन चिपको आन्दोलन स्लोक विरोधी आन्दोलन आदि में गैर राजनीतिक प्रक्रिया का दर्शन।
② नागरिक समाज के आन्दोलन यथा सूचना का अधिकार आन्दोलन अन्ना हजारे का जनलोकपाल हेतु आन्दोलन आदि में गैर राजनीतिक प्रक्रिया का दर्शन,
③ मजदूर किसान शक्ति का आन्दोलन, किसान आन्दोलन आदि में भी देखा जाता है।

1.5(One½)
(Q.U1-B-7)

8. Mention the major 'subjects' given to urban local governance institutions under Article 243-W of the Constitution of India.

भारत के संविधान के अनुच्छेद 243-ब के अंतर्गत नगरीय स्थानीय शासकीय संस्थाओं को प्रदान किए गए मुख्य 'विषयों' का उल्लेख कीजिए।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243-ब के तहत नगरीय स्थानीय शासकीय संस्थाओं को कुल 18 विषय प्रदान किए गये है इन विषयों में निम्न विषय शामिल है - ① नगरीय नियोजन ② नगरीय स्वच्छता ③ पेयजल एवम् जलप्रदायगी ④ नगरों में पार्क स्ट्रीटलाइट आदि से सम्बन्धित विषय ⑤ आवारा पशुओं का प्रबन्धन एवम् पशुवधशालाओं का प्रबन्धन ⑥ शहरी विद्युत आपूर्ति की सुचारु व्यवस्था ⑦ ~~[illegible]~~ नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवम् डम्पिंग यार्ड का प्रबन्धन ⑧ नगरीय क्षेत्रों भूमि में पट्टा वितरण आदि कार्य

1.5(One½)
(Q.U1-B-8)

9. On what grounds the registration of Overseas Citizens of India (OCI) can be cancelled under the Citizenship Amendment Act, 2019 ? Against cancellation of citizenship, what rights do these citizens have ?
नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के अंतर्गत विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों का पंजीकरण किन आधारों पर रद्द किया जा सकता है ? नागरिकता रद्द होने के विरुद्ध, इन नागरिकों को क्या अधिकार प्राप्त हैं ?

1(One)
(Q.U1-B-9)

नागरिकता संशोधन अधिनियम (2019) में विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों का पंजीकरण रद्द होने के आधार निम्न है- ① भारतीय कानूनों का उल्लंघन एवम् इसका दोष सिद्ध होने पर।
② भारत सरकार के विरुद्ध देशद्रोह, विद्रोह भड़काने सम्बन्धी गतिविधियों में लिप्त होने पर ③ दस वर्ष से अधिक समय से भारत नहीं आने एवम् दूसरे देश की नागरिकता लेने पर
इसके विरुद्ध अधिकार :- ① इनके द्वारा कलेक्टर की अध्यक्षता में निर्मित फॉरेन ट्रिब्यूनल में अपील की जा सकती है।

10. Write a note on India's performance at 77th Cannes film festival.
77वें कान फिल्म फेस्टिवल में भारत के प्रदर्शन पर एक टिप्पणी लिखिए।

77 वें कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्मों का प्रदर्शन आकर्षक रहा, भारत की निम्न फिल्मों गुंगुबाई काठियावाड़ी आर.आर.आर. एवम् कुछ डाक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया।
इसमें भारतीय पैनोरमा का भी प्रदर्शन किया गया।
→ इसके आयोजन में भारतीय फिल्मों को महत्वपूर्ण तरजीह दी गयी थी।

0 (Zero)
(Q.U1-B-10)

## Unit – I/Part – C

**Marks : 40**

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **100** words each. Each question carries 10 marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर 100-100 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं ।

11. Describe the Electoral process of members of Rajya Sabha.

राज्यसभा के सदस्यों की निर्वाचन-प्रक्रिया का वर्णन कीजिए ।

संविधान के अनुच्छेद 80 के तहत स्थापित राज्यसभा संसद का स्थायी सदन है इसे उच्च सदन भी कहा जाता है इसके सदस्यों का चुनाव अप्रत्यक्ष एवं एकल संक्रमणीय रीति से होता है।

निर्वाचन की प्रक्रिया :- सभी राज्यों की विधानसभा एवं दिल्ली तथा पुडुचेरी विधानसभा के निर्वाचित सदस्य इसमें भाग लेते है।

निर्वाचन के सम्बन्ध में पार्टी द्वारा ह्विप जारी किया जाता है, जिसकी अनुपालना में सदस्यों द्वारा इसका पालन करते हुए गुप्त मतदान करना होता है।

राज्यसभा की कुल 250 सीटों में से 245 सीटें वर्तमान में कार्य व्यवस्था में है जिसमें से 12 सीटों पर राष्ट्रपति द्वारा समाज सेवा, शिक्षा, साहित्य आदि आधारों पर 12 सदस्यों का मनोनयन होता है। ~~238 सदस्यों का निर्वाचन होता है।~~

$$\text{विधायक के मत का मूल्य} = \frac{\text{राज्य की कुल जनसंख्या}}{\text{विधानसभा सीटों की संख्या}}$$

एकल संक्रमणीय व्यवस्था के तहत सदस्य को मत पर उम्मीदवार का वरीयता क्रम डालना होता है न्यूनतम मतों की स्थिति में यह मत संक्रमणशील रहता है जो निचली वरीयता वाले

कोभी मिल सकता है। राज्यसभा के सदस्यों की निर्वाचन पद्धति भारतीय संविधान में आयरलैण्ड के संविधान से ली गयी है। राज्यसभा के 1/3 सदस्य प्रति दूसरे वर्ष सेवानिवृत्त होते रहते हैं। राजस्थान से राज्य सभा में 10 सदस्य चुने जाते हैं सदस्यों की यह संख्या प्रत्येक राज्य की जनसंख्या के अनुसार निर्धारित है। निष्कर्षतः यह प्रणाली भारतीय संविधान के संघीय चरित्र को दर्शाती है जिसमें राज्यों की भागीदारी सुनिश्चित होती है।

2.5(Two½)
(Q.U1-C-11)

Do Not Write Here
यहाँ कुछ नहीं लिखें

12. Discuss the process of 'Secularisation of Caste' and its impact.

'जाति के सेकुलरीकरण' की प्रक्रिया और उसके प्रभावों की विवेचना कीजिए।

जाति का सेकुलरीकरण जाति व्यवस्था में धर्म निरपेक्षता के तत्वों को समाविष्ट करने से सम्बन्धित है। इसके तहत - (1) धार्मिकता में कमी (2) तार्किकता में वृद्धि एवम (3) विभेदीकरण की प्रक्रिया शामिल होती है। जाति के सेकुलरीकरण में जाति व्यवस्था में धर्म के बजाय विज्ञान एवम तर्क की भावना का परिचय होता है जो मेरा भाग्य मेरी किस्मत निर्धारित करता है की बजाय मेरा परिश्रम मेरी किस्मत निर्धारित करता है पर बल देता है

राजनीति में इसके प्रभाव - (1) धार्मिक आधार पर वोटों के ध्रुवीकरण की प्रवृत्ति से बचाव।

(2) धार्मिक असहिष्णुता एवम् विद्वेष की समाप्ति

(3) राजनीति में धर्म की जगह सामाजिक सुधार सम्बन्धी विषय यथा गरीबी बेरोजगारी चिकित्सा व ~~[illegible]~~ स्वास्थ्य आदि विषय केन्द्र में आ जाते है।

(4) हालांकि इसके नकारात्मक प्रभावों के अन्तर्गत जातीय पहचान को बल जाति आधारित राजनीतिक संगठन, जातिवाद जैसी प्रथाओं को भी राजनीति में बढ़ावा मिलता है।

(5) जाति के सेकुलरीकरण के फलस्वरूप कुछ धार्मिक मान्यताओं पर भी चोट यथा सबरीमाला सम्बन्धी विवाद शनि शिगनापुर सम्बन्धी विवाद अजान पर लाउडस्पीकर सम्बन्धी विवाद आदि

प्रो. रजनी कोठारी के अनुसार भारतीय राजनीति जातिकृत एवम् जाति राजनीतिकृत है परन्तु यदि इसमें तार्किकता के तत्व डाले जाए तो यह राजनीति में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है।

1.5(One½)
(Q.U1-C-12)

13. Identify the distinguishing features of the first phase of electoral politics (1952-1971) in Rajasthan.

राजस्थान में चुनावी राजनीति के प्रथम चरण (1952-1971) की मुख्य विशेषताओं को चिह्नित कीजिए।

राजस्थान में चुनावी राजनीति के प्रथम चरण में एक दलीय वर्चस्व एवं केन्द्रीय मुद्दों का हावी होना जैसी विशेषताएं उल्लेख्य है।

इसकी विशेषताएं – ① 1952 के प्रथम विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दों, किसान आन्दोलनों का सहयोग जैसे मुद्दों के कारण 82 सीटों के साथ कांग्रेस का सबसे बड़ी पार्टी के रूप में जीत मिलती है।

② इस दौरान 1967 तक एक दलीय वर्चस्व (कांग्रेस पार्टी की सत्ता) देखी जाती है एवं इसके बाद भी 1971 तक सबसे बड़ी पार्टी के रूप में कांग्रेस की सरकार रहती है।

③ इस दौरान जयनारायण व्यास एवं मोहनलाल सुखाड़िया जैसे किसान आन्दोलन के दौर से लोकप्रिय नेता मुख्यमंत्री रहते हैं।

④ इस चरण में राजनीति में गांधीवादी आदर्शों यथा स्वदेशीकरण, स्वतंत्रता, समता, भूमि सुधार जैसे मुद्दे राजनीति में प्रमुख रूप से छाये रहे।

⑤ 1967 में राज्य में प्रथम बार श्री सम्पूर्णानंद (राज्यपाल) द्वारा राष्ट्रपति शासन भी लगाया गया।

⑥ इस दौरान अन्य दलों यथा रामराज्य परिषद, स्वतंत्र पार्टी जनसंघ आदि का प्रतिनिधित्व कमजोर एवं सीमित रहा।

⑦ इस दौरान राज्य की विधानसभा सीटों में दो बार परिसीमन भी किया गया।

0.5(Zero½)
(Q.U1-C-13)

निष्कर्षत: राजस्थान की राजनीति के प्रथम चरण में राष्ट्रीय तत्व अधिक दिखाई देते हैं, तथा जाति आदि कारकों का प्रभाव कम प्रभावशील रहा था।

3.5(Three½)
(Q.U1-C-13)

14. There is a viewpoint that the foreign policy of India is in a dilemma, i.e., between joining the 'developed North' or leading the 'developing South'. Analyse this viewpoint with plausible arguments.

एक दृष्टिकोण है कि भारतीय विदेश नीति दुविधा में है, यथा भारत 'विकसित उत्तर' से जुड़े अथवा 'दक्षिण के विकासशील' देशों का नेतृत्व करे। उपर्युक्त कथन का विश्लेषण समुचित तर्कों के साथ कीजिए।

कहा जाता है कि "भारत का एक पैर G-7 में है एवम् एक पैर G-77 में है" इसका अर्थ है भारत वैश्विक उत्तर एवम् वैश्विक दक्षिण दोनों के ही साथ जुड़ा हुआ है।

वैश्विक उत्तर में विकसित अग्रणी अर्थव्यवस्थाएँ यथा संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जापान आदि राष्ट्र आते हैं।

वहीं वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) में विकासशील अर्थव्यवस्थाएँ आती हैं।

भारत वर्तमान में विश्व की पाँचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है एवम् G-7 राष्ट्रों द्वारा इस समूह का D-10 डेमोक्रेसी 10 के रूप में विस्तार कर भारत से जुड़ने की सिफारिश की गयी है वहीं भारत द्वारा ग्लोबल साउथ समिट, अफ्रीकी संघ को G-20 में शामिल कराने आदि द्वारा वैश्विक दक्षिण का भी नेतृत्व किया जा रहा है।

दुविधा का हल इस रूप में निकाला जा सकता है कि विकासशील राष्ट्रों की आवाज यथा जलवायु परिवर्तन, नियम आधारित व्यापार, रंगभेद की नीति आदि की प्रखर आवाज भारत बन सकता है, जिसे G-7 व विकसित राष्ट्रों के समक्ष रखा जा सकता है वहीं भारत की अर्थव्यवस्था के विस्तार को देखते हुए विकास की संभावनाओं को देखते हुए इसका विकसित उत्तर से भी जुड़ाव आवश्यक है जो चीन को प्रतिसंतुलन में भी सहायक होगा अतः भारत को समन्वयवादी दृष्टिकोण के तहत दोनों से ही अपने सम्बन्धों को बेहतर करने पर बल देना चाहिए।

2(Two)
(Q.U1-C-14)

## Unit – II (65 Marks)

### Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

15. Write the name of any two H.Q. of Directorates or Executive Departments of State Government located in Ajmer. ✗

अजमेर में स्थित राज्य सरकार के किन्हीं दो निदेशालयों या कार्यकारी विभागों के मुख्यालय के नाम लिखिए।

0 (Zero)
(Q.U2-A-15)

① माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान
② राजस्व मण्डल, अजमेर जिसके तहत राजस्व निदेशालय का भी संचालन।

16. What do you mean by sub-national government ?

उप-राष्ट्रीय सरकार से आप क्या समझते हैं ?

0.25(Zero¼)
(Q.U2-A-16)

उपराष्ट्रीय सरकार से तात्पर्य राज्यपाल द्वारा राज्य में संघ के अभिकर्ता के रूप में कार्य करना है।

17. What is the main concern of Corporate Governance ?
कॉर्पोरेट गवर्नेंस का मुख्य सरोकार क्या है ?

1(One)
(Q.U2-A-17)

कॉर्पोरेट गवर्नेंस का मुख्य सरोकार अपने हित धारकों के प्रति संस्था के दायित्वों के निर्वहन हेतु नैतिकता की स्थापना है। यह अधिकतम प्रकटीकरण, जवाबदेही, पारदर्शिता आदि पर बल देते हुए 4P – पीपल, प्रोडक्ट, प्रोसपेरिटी, परफोरमेंस पर बल देता है।

18. Who is responsible to upload on the web portal of Rajya Sabha / Lok Sabha Secretariat the text version of answers to the questions asked in parliament ?
राज्यसभा/लोकसभा सचिवालय के वेब पोर्टल पर संसद में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के अंतिम स्वरूप को अपलोड करने हेतु कौन उत्तरदायी है ?

0 (Zero)
(Q.U2-A-18)

राज्यसभा/लोकसभा सचिवालय के वेबपोर्टल पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर के अंतिम स्वरूप को अपलोड करने हेतु इस सचिवालय का प्रमुख शासन सचिव एवं कैबिनेट सचिव उत्तरदायी है।

19. What is the main function of State Election Commission ?
राज्य निर्वाचन आयोग का मुख्य कार्य क्या है ?

① राज्य में पंचायती राज नगरीय निकायों के चुनाव कराना।
② इन चुनावों हेतु निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन।
③ इनसे सम्बन्धित उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटन
④ इन चुनावों हेतु आदर्श आचार संहिता लागू कराना।
⑤ राज्यपाल द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य करना।

1.5(One½)
(Q.U2-A-19)

Unit – II/Part – B **Marks : 25**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

20. Discuss the salient features of Change Management.

परिवर्तन प्रबंधन की प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए।

परिवर्तन का प्रबंधन समय के साथ संगठन में आयी विकृतियों को दूर करने एवम् बाज़ार माँग ग्राहक माँग के अनुरूप संगठन की [illegible] संरचना एवम् कार्यप्रणाली में परिवर्तन से सम्बन्धित है। इसके तहत – (1) परिवर्तन के कारकों की पहचान (2) परिवर्तन के प्रभावों का आकलन
(3) परिवर्तन की प्रक्रिया – कर्ट लेविन के अनुसार फ्रीज – चेंज – अनफ्रिज → रीफ्रिज – चेंज के अनुसार परिवर्तन करना।
(4) पहले छोटे स्तर पर परिवर्तन एवम् उसकी सफलता पर संगठन में बड़ा परिवर्तन करना है। उदाहरण - पदसोपान से मैट्रिक्स संगठन, नियामकीय प्रशासन से → विकास प्रशासन, आदेश की एकता से – सर्वदिशा संचार आदि।

2(Two)
(Q.U2-B-20)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

3(Three)
(Q.U2-B-21)

21. Analyse the concept of Legitimacy.

वैधता की अवधारणा का विश्लेषण कीजिए ।

वैधता की अवधारणा सत्ता को इसके हितधारकों द्वारा वैधता प्रदान करने से सम्बन्धित है। इसके लिए-
① विश्वास का सिद्धान्त ② सामुहिक हित का सिद्धान्त
③ व्यक्तिगत हित का सिद्धान्त ④ विधिक सिद्धान्त प्रचलित है।
मैक्सवेबर के अनुसार सत्ता को वैधता तभी प्राप्त होती है जब यह संगठन के हितों के अनुकूल हो, विधिक नियमों के अनुसार हो, शासितों को विश्वास हो कि आदेश वैध स्थान से प्राप्त हो रहे हैं।
साइमन के अनुसार वैधता प्राप्ति हेतु आदेश का उदासीनता के क्षेत्र में होना आवश्यक है। रूसो के अनुसार सामान्य इच्छा से संचालित सरकार को ही वैधता प्राप्त होती है। वैधता की कमी से वैधता का संकट भी उत्पन्न हो सकता है।

22. What are Seven Deadly Sins propounded by Mahatma Gandhi and why they are important?

महात्मा गाँधी द्वारा प्रतिपादित सात प्रमुख बुराइयाँ क्या हैं तथा वे क्यों महत्वपूर्ण हैं ?

गाँधीजी द्वारा प्रतिपादित सात प्रमुख बुराइयाँ हैं:
① नैतिकता विहीन व्यापार ② त्याग विहीन धर्म ③ मानवता विहीन विज्ञान ④ श्रम विहीन सम्पत्ति ⑤ सिद्धान्त विहीन राजनीति ⑥ चरित्र विहीन ज्ञान ⑦ अन्तरात्मा विहीन आनंद

इनका महत्व
① व्यापार में नैतिकता, मिलावटखोरी, मुनाफाखोरी से संरक्षण
② धर्म अर्थात कर्त्तव्य पालन करने हेतु त्याग की प्रेरणा देता, जिसके तहत अपरिग्रह, न्यासधारिता को स्थापित किया जा सकता
③ विज्ञान का उद्देश्य मानव कल्याण होना चाहिए ④ बिना श्रम के सम्पत्ति कई रोगों का कारण बनती है ⑤ राजनीति में सिद्धान्त के बिना अपराधीकरण आदि को बढ़ावा मिल सकता है अतः सिद्धान्त आवश्यक
⑥ ज्ञानी व्यक्ति चरित्रहीन होगा तो अनैतिक कार्य कर सकता है अतः यह आवश्यक।

3(Three)
(Q.U2-B-22)

23. Describe the duties of Chief Minister as mentioned in the Constitution of India & also underline the most important duty which makes him head of the Government.

भारत के संविधान में वर्णित मुख्यमंत्री के कर्त्तव्यों का वर्णन कीजिए तथा उस प्रमुख कर्त्तव्य को रेखांकित कीजिए जो उसे शासन का मुखिया बनाता है।

भारतीय संविधान में मुख्यमंत्री के कर्त्तव्यों का वर्णन इसके अनुच्छेद 167 में किया गया है, इसके अनुसार यदि किसी विषय पर किसी मंत्री ने निर्णय ले लिया है तो राज्यपाल द्वारा मांगे जाने पर वह उसे अवगत करायेगा। राज्य मंत्रिमण्डल से सम्बन्धित निर्णयों की जानकारी राज्यपाल द्वारा मांगे जाने पर वह उसे उपलब्ध करायेगा। प्रमुख कर्त्तव्य - राज्य मंत्रिमण्डल के सदस्यों के आचरण पर नियंत्रण, उनके अनैतिक आचरण पर राज्यपाल को उसे हटाने की सिफारिश करना, उसे शासन का मुखिया बनाता है।

1.5(One½)
(Q.U2-B-23)

24. Evaluate the provisions made in Article-315 of Constitution of India for State Public Service Commission.

भारत के संविधान के अनुच्छेद-315 में राज्य लोक सेवा आयोग के सम्बन्ध में वर्णित प्रावधानों का मूल्यांकन कीजिए।

1(One)
(Q.U2-B-24)

भारतीय संविधान के भाग 14 के तहत अनुच्छेद 315 में लोकसेवा आयोग एवम् राज्य लोक सेवा आयोगों की स्थापना का प्रावधान है। इसके तहत लोक सेवा आयोग की स्थापना केन्द्र में यथायोग्य सदस्य संख्या एवम् इसके एक अध्यक्ष के साथ होगी, वहीं राज्य लोकसेवा आयोगों की भी स्थापना होगी। संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवम् सदस्यों के वेतन भत्ते भारत की संचित निधि पर भारित होंगे। योग्यता - भारत सरकार या राज्य सरकार की सेवाओं में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव, भारत का नागरिक हो एवम् विकृतचित, दिवालिया आदि नहीं हो। अध्यक्ष एवम् सदस्यों की पुनर्नियुक्ति नहीं हो सकती, हालांकि सदस्य को राज्य लोकसेवा आयोग या संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

## Unit – II/Part – C

**Marks : 30**

**Note :** Answer **all** the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 100-100 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं ।

25. Describe the formula of Graicunaz propounded for calculation of span of control and give mathematical solution of a situation when number of relations is 5.

नियंत्रण के क्षेत्र के सम्बन्ध में प्रतिपादित ग्रेकुनाज के फॉर्मूले का वर्णन कीजिए तथा यदि सम्बन्धों की संख्या 5 हो तो गणितीय हल कीजिए ।

नियंत्रण का क्षेत्र- एक अधिकारी की क्षमता एवम् अधीनस्थों की अधिकतम संख्या जिस पर वह प्रभावी नियंत्रण रख सकता है, वह नियंत्रण का क्षेत्र कहलाता है।

इस सम्बन्ध में ग्रेकुनास का फार्मूला है

$$N = \left(\frac{2^n}{2} + (n+1)\right)$$
(सम्बन्धों की संख्या)

यहाँ n = अधीनस्थों की संख्या है

n+1 = प्रत्यक्ष सम्बन्ध

$\left(\frac{2^n}{2}\right)$ आड़े तिरछे सम्बन्ध है।

यदि सम्बन्धों की संख्या 5 हो तो

$$n = \left(\frac{2^5}{2} + (5+1)\right) = \frac{32}{2} + (6)$$

$$16 + 6 = \boxed{22}$$

यहाँ सम्बन्धों की संख्या 5 होने पर अधिकतम 22 अधीनस्थों पर नियंत्रण संभव वही आड़े तिरछे सम्बन्ध के तहत 16 सदस्यों पर नियंत्रण तथा.

1.5(One½)
(Q.U2-C-25)

प्रत्यक्ष रूप से 6 सदस्यों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है।
इस प्रकार ग्रेकुनाज का फार्मूला नियंत्रण के क्षेत्र के अधिकतम विस्तार के बारे में बताता है जो उच्चाधिकारी को नियंत्रण के क्षेत्र में प्रभावी निर्णय निर्माण में सहायता करता है।

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

26. Critically analyse the forms and methods of judicial control in India.
भारत में न्यायिक नियंत्रण के रूप तथा प्रणालियों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

भारत में प्रशासकों पर न्यायिक नियंत्रण- प्रशासकों द्वारा अधिकारक्षेत्र से बाहर जाकर कार्य करने या प्राप्त अधिकारों का दुरूपयोग, तथ्यों की खोज में गलत धारणाओं पर कार्य अभिलेख सम्बन्धी त्रुटियों आदि कारणों से न्यायपालिका द्वारा किया जाता है।

इसके रूप - (A) साधारण उपचार - सरकार के विरुद्ध दावे (अनुच्छेद 294, 300 क) आदि पर वाद
(2) प्रशासक द्वारा व्यक्तिगत सामर्थ्य से किए गये कार्य पर नियंत्रण हालांकि सरकारी अधिकारी के रूप में सरकारी कार्य हेतु उस पर व्यक्तिगत वाद दायर नहीं होता
(B) असाधारण उपचार - इसके तहत न्यायपालिका द्वारा न्यायादेश (Writ) जारी जिसमें बंदी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, अधिकारपृच्छा, उत्प्रेषण, प्रतिषेध आदि शामिल हैं।
→ जनहित याचिका (PIL) सामाजिक हित याचिका (SIL) आदि के सम्बन्ध में न्यायादेश
→ निषेधाज्ञा - किसी कार्य पर न्यायपालिका द्वारा रोक आदि

आलोचना - (1) न्यायधीशों को तकनीकी एवम् जटिल प्रशासनिक कार्यों की जानकारी नहीं होने से नियंत्रण अप्रभावी
(2) न्यायपालिका पर अन्य वादों (Case) का कार्य भार अधिक
(3) प्रशासनिक विवेकाधिकार की अधिकता से नियंत्रण प्रभावी
(4) न्यायधीश केवल न्यायिक पक्ष के जानकार
(5) प्रशासन का बड़ा आकार

इन सभी कारणों से प्रभावी नियंत्रण में समस्या, हालांकि न्यायपालिका का नियंत्रण प्रशासकों को जवाबदेह जरूर बनाता है।

4.5(Four½)
(Q.U2-C-26)

27. Discuss the main points of the conflict between Generalists v/s Specialists. Also mention the recommendations given by First ARC in this regard.
सामान्यज्ञों बनाम विशेषज्ञों के मध्य टकराव के प्रमुख बिन्दुओं की विवेचना कीजिए। साथ ही इस क्रम में प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा दी गई सिफारिशों का वर्णन कीजिए।

सामान्यज्ञ प्रशासकों एवम् विशेषज्ञों के मध्य विविध बिन्दुओं पर टकराव दृष्टव्य है—

(1) विशेषज्ञों के अनुसार— सामान्यज्ञों के वेतन भत्ते अधिक तथा इनकी पदोन्नति भी शीघ्र

→ विशेषज्ञ विभाग (निदेशालय) के प्रमुख पद पर भी सामान्यज्ञों की नियुक्ति।

→ सामान्यज्ञों द्वारा विशेषज्ञों की सलाह को महत्व नहीं दिया जाता।

→ मंत्री को सलाह में भी सामान्यज्ञों को तरजीह

(2) सामान्यज्ञों के अनुसार/—

→ ~~[illegible]~~ विशेषज्ञों द्वारा भेजे गये प्रस्ताव अस्पष्ट व आधे-अधूरे होते हैं।

→ विशेषज्ञों को किसी भी समस्या के केवल एक पक्ष की जानकारी अतः ये प्रभावी निर्णय निर्माण एवम् समस्या समाधान नहीं कर पाते।

प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग 1966 की सिफारिशें

→ IAS को सामान्यज्ञ पद नहीं माना जाए, राजस्व प्रशासन इसका प्रमुख कार्य।

→ दोनों को एक ही धरातल में बिठाया जाए।

→ संगठन में उच्च पदों पर विशेषज्ञों की भी नियुक्ति हो।

→ मंत्री को सलाह दोनों के द्वारा ही दी जाए।

→ अखिल भारतीय सेवाओं का विस्तार कृषि, स्वास्थ्य व चिकित्सा आदि में भी हो इनमें भी अखिल भारतीय सेवाएं हों।

→ सामान्यज्ञों व विशेषज्ञों के वेतन भत्तों, पदोन्नति आदि में समानता लाई जाए आदि।

3.5(Three½)
(Q.U2-C-27)

## Unit – III (Section – A) (20 Marks)

### Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

28. Enlist the major achievements of the flag bearer from India in Paris Olympics 2024 opening ceremony.

पेरिस ओलम्पिक 2024 के उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक की प्रमुख उपलब्धियों को सूचीबद्ध करें।

पेरिस ओलम्पिक खेलों के उद्घाटन समारोह में भारत की ध्वजवाहक इलावेनिल वलारिवान होगी इनकी उपलब्धियाँ: शूटिंग में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक की प्राप्ति, कॉमनवेल्थ खेलों में स्वर्ण पदक।

0 (Zero)
(Q.U3-A-A-28)

29. Write the number of total 'Khelo India' centres in India with special reference to Rajasthan State with Sports discipline.

राजस्थान राज्य में संचालित खेलों के नाम सहित भारत में कुल 'खेलो इंडिया' केंद्रों की संख्या लिखें।

राजस्थान राज्य में संचालित खेल - हॉकी, क्रिकेट, कबड्डी, फुटबाल, बास्केटबॉल, हैण्डबॉल, तीरंदाजी, शूटिंग, एथलेटिक्स आदि है।
भारत में खेलो इण्डिया के कुल केन्द्र - 44 है।

① 0.75(Zero¾)
(Q.U3-A-A-29)
② ③

30. Which father and daughter duo from Rajasthan holds pride to receive Arjun award and in which game ?

राजस्थान राज्य की पिता पुत्री की किस जोड़ी को अर्जुन पुरस्कार प्राप्त हुआ एवं वह किस खेल से संबंधित हैं ?

0 (Zero)
(Q.U3-A-A-30)

31. Enlist the major achievement of Rajasthan State's Divyakrati Singh in Sports.

राजस्थान राज्य की दिव्यकृति सिंह की खेलों में प्रमुख उपलब्धियाँ सूचीबद्ध कीजिए ।

दिव्यकृति सिंह राज्य की घुड़सवारी खिलाड़ी इनके द्वारा एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक प्राप्त किया गया, विश्व इक्वेस्ट्रियन रैंक में इनका 14वाँ स्थान वही भारत में प्रथम स्थान है, इन्हे हाल ही में अर्जुन पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है।

1.5(One½)
(Q.U3-A-A-31)

32. Define and write difference between sprain and strain.

मोच व खिंचाव को परिभाषित करते हुए इसके परस्पर अंतर को लिखिए ।

| मोच | खिंचाव |
| --- | --- |
| ① इसमें शरीर की अस्थियों में खिचाव या खिसकाव, अथवा पेशियों में ऐंठन हो जाती है। | इसमें कोवंट पेशियों में तनाव होता है जिससे जोड़ की क्षति होती है। |
| ② इसके प्रकार है कंधे की मोच पैरों की मोच आदि | इसमें ग्राइजेपस पेशी का खिंचाव हेमास्ट्रिंग पेशी का खिंचाव आदि आते है |
| ③ उपचार – दर्द निवारक दवाई की मालिश से | उपचार – कायोथेरपी, हाइड्रोकोर्टिसोन से करते। |

0 (Zero)
(Q.U3-A-A-32)

**Unit – III (Section – A)** **Marks : 10**

**Part – B**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

33. Write name of any ten verticals of "Khelo India" Scheme.
"खेलो इंडिया" योजना के किन्हीं दस कार्यक्षेत्रों के नाम लिखिए।

खेलो इंडिया योजना में कुल 12 कार्यक्षेत्र हैं, ये निम्न हैं।
(1) राज्यस्तरीय खेलो इण्डिया केन्द्र (2) ग्रामीण एवम् जनजातीय खेल (3) खेल संघों का विकास (4) राष्ट्रीय खेल संघ एवम् राज्य/जिला खेल संघों का समन्वय
(5) महिला एवम् युवा खेलों को प्रोत्साहन
(6) स्कूल एवम् यूनिवर्सिटी खेलों को प्रोत्साहन
(7) पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन
(8) शहरी खेलो युवा केन्द्र (9) खिलाड़ियों को पोषण, प्रशिक्षण व पहचान
(10) पूर्वोत्तर में खेलों का विकास आदि।

2(Two)
(Q.U3-A-B-33)

34. "Janmoshadhi mantratapah Samadhija Siddhaya" is originated from which couplet of Yogsutra ? Elaborate the content included in it.
"जन्मौषधि मंत्रतपः समाधिजाः सिद्धयः" का उद्भव योगसूत्र के किस पद से है? इसमें प्रयुक्त अवयवों की विवेचना कीजिए।

जन्मौषधि मंत्रतपः समाधिजाः सिद्धयः का अर्थ है मंत्रयोग एवम् तप की साधना तथा समाधि जीवन की औषधि के समान सिद्ध होती है।
अवयव – (1) मंत्र → मंत्रयोग द्वारा समाधि की प्राप्ति।
(2) तप → कष्ट सहन करने की क्षमता अध्यवसाय का गुण समाधि प्राप्ति में सहायक
(3) जन्मौषधि → जीवन की प्राणवायु का प्राणायाम द्वारा नियमन करना।

0.5(Zero½)
(Q.U3-A-B-34)

**Unit – III (Section – B)** **(20 Marks)**

**Part – A** **Marks : 10**

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं ।

35. What kind of competencies are identified as facets of Intelligence in the Indian tradition ?

भारतीय परम्परा में बुद्धि के पक्ष (पहलू) के रूप में पहचानी गई क्षमताओं के प्रकार कौन से हैं ?

इसके प्रकार हैं – (1) संज्ञानात्मक क्षमता
(2) संवेगिक क्षमता
(3) सामाजिक बुद्धि
(4) उद्यमी क्षमता ।

1(One)
(Q.U3-B-A-35)

36. Define Intelligence as proposed by David Wechsler.

डेविड वेश्लर द्वारा प्रतिपादित बुद्धि को परिभाषित कीजिए ।

डेविड वेश्लर द्वारा बुद्धि को 7 मानसिक क्षमताओं का योग बताया है ये हैं – (1) वाचिकबोध (2) शब्द प्रवाह (3) संख्यात्मक कौशल (4) देशीय सम्बन्ध (5) स्मृति क्षमता (6) आगमनात्मक (7) प्रत्यक्षीकरण की क्षमता । बुद्धि इन सभी क्षमताओं का योग होती है ।

0.25(Zero¼)
(Q.U3-B-A-36)

37. Write any two characteristics of analytical style of learning.

अधिगम की विश्लेषणात्मक शैली की कोई दो विशेषताएँ लिखिये ।

एडवर्ड्स द्वारा प्रदत्त इस शैली के अनुसार यह

① किसी चित्र से सूचना निकालने की क्षमता ।

② स्मृति के विश्लेषण से अधिगम की क्षमता ।

③ मानसिक कौशल का प्रदर्शन है ।

0.5(Zero½)
(Q.U3-B-A-37)

38. Explain Sensory Memory.

संवेदी स्मृति को समझाइये ।

संवेदी स्मृति: स्मृति की प्रारंभिक अवस्था होती है, इसमें सूचनाओं की धारण क्षमता 1 से 2 सेकेण्ड रहती है यदि सूचना को ना दोहराया जाए तो वह विलोपित हो सकती है। यहाँ से अल्पकालिक स्मृति में सूचना - चयनात्मक अवधान एवं सार्थक स्मरण, चिन्तन, पूर्वक अभ्यास द्वारा हो जाती है।

0.75(Zero¾)
(Q.U3-B-A-38)

39. Explain Forgetting due to trace decay.

चिह्न ह्रास के कारण हुये विस्मरण को समझाइये ।

चिह्न ह्रास का अर्थ है किसी सूचना को पुनःस्मरण करने में कूटसंकेतों की विफलता होने अथवा चिह्नों के मिट जाने पर विस्मरण हो जाता है।

0.5(Zero½)
(Q.U3-B-A-39)

## Unit – III (Section – B)

**Part – B** **Marks : 10**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं ।

40. Explain type A and type B personality as suggested by Friedman & Rosenman.

फ्रीडमैन एवं रोजेनमैन द्वारा सुझाये गये टाइप A और टाइप B व्यक्तित्व को समझाइये ।

फ्रीडमैन एवम् रोजेनमैन के अनुसार
① टाइप A व्यक्तित्व – इस प्रकार का व्यक्ति उत्साही होता है इसमें धैर्य की कमी होती है यह हर समय कार्य के बोझ से लदा रहता है हालांकि इसमें अधिगम का स्तर उच्च इसके उच्च रक्त चाप एवम् कोलेस्ट्रॉल से ग्रसित होने की संभावना अधिक होती है।
② टाइप B व्यक्तित्व – यह शांत एवम् [illegible] अन्तर्मुखी होता है, परन्तु इसमें भावनात्मक द्वन्द्वों से पलायन की प्रवृत्ति पायी जाती है।

3(Three)
(Q.U3-B-B-40)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

41. Distinguish between emotion focussed and problem focussed coping strategies to reduce stress.

तनाव को कम करने हेतु अपनाई जाने वाली संवेग केन्द्रित एवं समस्या केन्द्रित समायोजनात्मक रणनीतियों के मध्य अन्तर कीजिए।

तनाव कम करने हेतु संवेग केन्द्रित व समस्या केन्द्रित समायोजन रणनीति ~~[illegible]~~ द्वारा प्रतिपादित

| संवेग केन्द्रित | समस्या केन्द्रित |
| --- | --- |
| इसमें संवेगों का प्रत्यक्षण एवम् उन्हें नियंत्रित करने पर बल | इसमें समस्या के पहलुओं इसके हल सम्बन्धी रणनीतियों पर बल |
| संवेगों के नियंत्रण हेतु प्राथमिक क्रम, द्वितीयक मूल्यांकन | समस्या के समाधान हेतु संसाधनों का मूल्यांकन शामिल है। |
| यह व्यक्ति केन्द्रित | यह वस्तु केन्द्रित है। |

1.5(One½)
(Q.U3-B-B-41)

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखे

## Unit – III (Section – C) (20 Marks)

### Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

42. The government of India received information in confidence from a foreign Government. Can it be asked under the R.T.I. Act, 2005 ?

भारत सरकार को किसी विदेशी सरकार से गोपनीय रूप से सूचना प्राप्त हुई। क्या सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत ऐसी सूचना की माँग की जा सकती है ?

सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 8 एवं 9 के तहत विदेशी सरकार से प्राप्त गोपनीय सूचनाएँ छूट प्राप्त हैं अतः इस प्रकार की सूचना की माँग इस अधिनियम के तहत नहीं की जा सकती है।

1.25(One¼)
(Q.U3-C-A-42)

43. What do you mean by the term 'private area' mentioned under the Information Technology Act, 2000 ?

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अन्तर्गत उल्लेखित 'एकान्त भाग' पद से आप क्या समझते हैं ?

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के तहत एकान्त भाग व्यक्ति का निजी स्पेस (उसकी निजी जानकारियाँ, नग्न आदि) होते हैं। व्यक्ति की निजता के उल्लंघन पर इस अधिनियम की धारा 66E के तहत 3 वर्ष जेल एवं 2 लाख जुर्माना संभव है।

0.5(Zero½)
(Q.U3-C-A-43)

44. State the subject matter of copyright.

प्रतिलिप्यधिकार की विषय-वस्तु बताएँ ।

प्रतिलिप्याधिकार की विषय वस्तु कोई पुस्तक, मौलिक रचना, संगीत ध्वनि, व्यक्ति की बोली का पैटर्न कोई शोध पत्र, फिल्म, डाक्यूमेंट्री आदि को कॉपीराइट अधिनियम 1957 के तहत कॉपीराइट सुरक्षा प्राप्त है

1(One)
(Q.U3-C-A-44)

45. What includes 'Children' under the Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens Act, 2007 ?

माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत 'बच्चों' में क्या सम्मिलित है ?

इस अधिनियम के तहत बच्चों में सम्मिलित है जैविक, दत्तक के रूप में लिए बच्चे है। वर्ष 2019 के संशोधन में इसको विस्तारित कर - पोता पोती नाती-नातिन को भी इसकी परिभाषा में शामिल किया गया है।

0.5(Zero½)
(Q.U3-C-A-45)

46. What are included under the term "Sexual abuse" in the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005 ?

घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत "लैंगिक दुर्व्यवहार" पद के अन्तर्गत क्या सम्मिलित किया गया है ?

घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत लैंगिक दुर्व्यवहार में शामिल है - महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने सम्बन्धी कार्य, महिला के साथ अप्राकृतिक यौन सम्बन्ध, नकारात्मक यौन टिप्पणी आदि।

1(One)
(Q.U3-C-A-46)

## Unit – III (Section – C)

### Part – B

**Marks : 10**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

47. What is the legal status of a Hindu Idol ?

एक हिन्दू देवता (मूर्ति) की वैधानिक स्थिति क्या है ?

विधिक व्यक्तित्व की अवधारणा के तहत एक हिन्दू देवता की मूर्ति को वैधानिक रूप से व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है जो इस अवधारणा में कृत्रिम व्यक्तित्व के तहत आता है।

उदाहरण - रामलला विराजमान को विधिक व्यक्तित्व का दर्जा इस व्यक्तित्व द्वारा किसी के विरुद्ध वाद दायर किया जा सकता है, एवम् इस पर भी वाद दायर हो सकता है। इसके मान सम्मान, सम्पत्ति आदि के संरक्षण का अधिकार इसे प्राप्त है।

1(One)

(Q.U3-C-B-47)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

48. What do you understand by the term "Sayar" under the Rajasthan Tenancy Act, 1955 ?
राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत "सायर" पद से आप क्या समझते हैं ?

राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के अन्तर्गत सायर पद का अर्थ है अनअधिवासित भूमि पर से लकड़ी, घास, फूस, वनोपज व अन्य फल-फूल सामग्री, तथा तालाब भूमि से सिंघाड़ा प्राप्त करने आदि के बदले में नकद अथवा किसी वस्तु के रूप में चुकायी गयी राशि सायर कहलाती है।

→ सायर राज्य सरकार के आय का स्रोत होती है।

→ इसकी वसूली अनअधिवासित भूमि के उपयोगकर्ताओं से उपयोग के बदले में होती है।

2(Two)
(Q.U3-C-B-48)

Do Not Write Here
यहाँ कुछ नहीं लिखें